## एक नजर में

### स्कूल में रोपा एक पौधा मां के नाम



**बड़ौद, 26 जुलाई.** महावीर जैन हायर सैकेंडरी स्कूल में एक पौधा मां के नाम अभियान अंतर्गत विद्यालय के मां बागेश्वरी वाटिका तथा प्रांगण में आम, आंवला, चंपा, कनेर, गुड़हल, गुलमोहर, अमलताश, फाईकस, ड्रेसीना, अकेलीफा, कोलियस, एकजोरा, अरोलिया, अपराजिता, केतकी, लिली, लेमंडर, बिच्छू बेल आदि अनेक प्रजाति के फलदार, छायादार, फूल वाले और सजावटी पौधे रोपित किए गए. साथ ही वायुदूत एप पर भी एंट्री की गई. पौधारोपण में शिक्षकगणों में बहुत उत्साह देखा गया.

### कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती मनाई




**शाजापुर, 26 जुलाई.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया. एनसीसी कैडे्टस सुशीला गामी द्वारा कविता पाठ एवं शगुन शर्मा द्वारा देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए गए. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीएस विभूति ने कहा कि जिस प्रकार हमारे सैनिक कर्तव्य का पालन करते हैं. उसी प्रकार देश के प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए. यही सबसे बड़ा राष्ट्र धर्म है. रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने ने कहा कि न केवल एक दिन बल्कि हर समय सैनिकों के बलिदान को याद रखना चाहिए. एनसीसी कैडे्टस एवं महाविद्यालय स्टाफ द्वारा कैंडल जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर शहीद सैनिकों को श्रद्धाजंलि दी गई. अंत में राष्ट्रगान का आयोजन किया गया. इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स एवं महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित था. कार्यक्रम का संचालन डॉ. वीपी मीणा ने किया.

### कबीर भजनों की प्रस्तुति दी




**शाजापुर, 26 जुलाई.** गत दिवस संत कबीर अकादमी एवं संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संत कबीर अकादमी मगहर के संत कबीर नगर के सभागार हाल में किया गया. इसमें मालवी लोक संगीत कबीर भजन मंडल ग्राम झोंकर जिला शाजापुर के द्वारा कबीर भजन की संगीतमय प्रस्तुति दी गई. इस मंडल में मालवाचंल के भजन गायक एवं टीवी कलाकार दिनेश कुमार धौलपुरे, बाबूलाल धौलपुरे एवं साथी कलाकार शामिल थे. इस दौरान श्रीमती कमलाबाई भूरिया, श्रीमती मायाबाई चंदेल, अशोक सिलोदिया, अर्जुन कुमार सोलंकी, बाबूलाल राजोरिया आदि कलाकार शामिल रहे.

### 170 किमी पैदल चल महादेव को चढ़ाएंगे आस्था का जल



**शाजापुर, 26 जुलाई.** मन में आस्था हो तो महादेव भी अपने भक्तों को हिम्मत और उनकी मदद करते हैं. यह कहना है आर्मी में पदस्थ हरिओम गुर्जर का जो उज्जैन से राजगढ़ जिले के लिए निकला है. जिन्हें 12 दिनों तक पैदल चलना है. केवल पैदल ही नहीं चलना है बल्कि 55 किग्रा वजनी कावड़ को उठाना है. अपनी यात्रा के दौरान गुरूवार को शहर पहुंचे हरिओम गुर्जर को जब शहरवासियों ने देखा तो खुद ही लोगों का ध्यान उनकी ओर चला गया. जिनके हाथों में वजनी कावड़ थी और सिर पर भगवा बंधा था. चर्चा में हरिओम ने बताया कि वे उज्जैन से राजगढ़ जिले के ग्राम तालोड़ी तक कावड़ यात्रा निकाल रहे हैं जिन्हें 12वे दिन वहां पहुंचकर महादेव का अभिषेक करना है. जो अपने साथ 55 किग्रा वजनी कावड़ भी लेकर चल रहे है. गुरूवार को उनकी यात्रा का चौथा दिन था जब वे जिला मुख्यालय पहुंचे जहां नगरवासियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया.

### ईयर फोन लगाकर चल रहा युवक आया ट्रेन की चपेट में मौत

**शाजापुर, 26 जुलाई.** मक्सी निवासी एक युवक का शव रेलवे ट्रेक पर मिला. सूचना मिलने पर पहुंची मक्सी पुलिस ने मर्ग कायम किया है. जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मक्सी के एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई. जीआरपी पुलिस को शुक्रवार सुबह 11 बजे सूचना मिली थी कि मक्सी उज्जैन रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा हुआ है. घटना स्थल मक्सी थाना क्षेत्र का होने की वजह से मक्सी पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की शिनाख्त सुजल पिता अशोक बरेठा उम्र 18 वर्ष निवासी भावसार सेरी मक्सी के रूप में हुई. जीआरपी पुलिस के अनुसार युवक कान में इयर फोन लगाकर पटरी से सट कर चल रहा था. संभवत: ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है. मक्सी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां से शव परिजनों को सौंप दिया गया.

# 15 दिन में रोपेंगे 15 हजार पौधे, 450 गांवों में चलेगा अभियान

## पौधरोपण के साथ इनकी सुरक्षा भी करेगा किसान संघ

**शाजापुर, 26 जुलाई. भारतीय किसान संघ द्वारा तहसील में एक हजार पौधे एक दिन में रोपने का लक्ष्य लिया गया है, जिसमें ग्राम इकाई समिति द्वारा जिले के 450 ग्रामों में पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा. इस दौरान 1 से 15 अगस्त के बीच 15 हजार पौधे लगाए जाएंगे.**




तहसील मंत्री ज्ञानसिंह गुर्जर ने बताया कि किसान संघ द्वारा ग्राम आला उमरोद में 400, सेतखेड़ी में 350, लाहौरी में 550, लड़ावद में 445, देंदला में 400, रंथभंवर में 55, सुनेरा में 50, खोरिया में 300 पौधे रोपे जाएंगे. संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इन गांव में तहसील एवं जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा आम, जामुन, नीम सहित अन्य छायादार व फलदार पौधे लगाए जाएंगे. जिनके पालन-पोषण व संरक्षण की जिम्मेदारी भी संघ द्वारा ली जाएगी, ताकि ये पौधे आगे चलकर लोगों को छाया दे सकें. उन्होंने बताया कि आने वाले 1 से 15 अगस्त तक 15 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.



**स्कूल परिसर में किया पौधारोपण- मक्सी,** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मक्सी नगर परिषद के सहयोग से कन्या माध्यमिक विद्यालय परिसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्रसिंह खाटू पटेल, नगर परिषद सीएमओ अशफाक खान, प्रधानाचार्य पदमसिंह देथलिया, नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक के मैनेजर नितेश शर्मा, फील्ड ऑफिसर गोविंद सोनगरा, सोहन मंडलोई, नगर परिषद से संजय शर्मा, मायाराम पंवार, अध्यापक राधेश्याम शर्मा, विमल गुप्ता, अरविंद आसोडिया, कृष्णा बोराना, नीता भावसार, संगीता पाटीदार, आरिफ खान, शकुंतला भावसार, दुर्गाशंकर वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्राओं की मौजूदगी में वृक्षारोपण किया गया.

**शिक्षकों ने किया पौधारोपण- नलखेड़ा,** देशभर में चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नलखेड़ा में सीएम राइस के शिक्षकों के द्वारा बल्डावदा स्थित नवीन बिल्डिंग के परिसर में पौधारोपण किया गया. साथ ही स्कूल के शिक्षकों पौधारोपण किया गया. परिसर कई तरह के पौधे लगाए और उनकी पूरी सेवा व सुरक्षा का संकल्प लिया. वृक्ष हम सभी के लिए बहुत जरूरी हैं. वृक्ष से हमें केवल छांव ही नहीं बल्कि प्राणदायक वायु भी मिलती है. उन्होंने कहा कि वृक्ष बचेंगे, तो हम बचेंगे. उन्होंने सभी लोगों से वृक्ष लगाने के साथ उसे बचाने की भी अपील की. पौधा रोपते हुए आने वाले दिनों में इस अभियान के तहत और सघन पौधारोपण करने की बात कही. उन्होंने कहा कि वृक्ष का हमारे जीवन में बहुत बड़ा योगदान होता है. हम सदैव इसके ऋणि रहते हैं. पौधारोपण अभियान में प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी, शान्तिलाल राठौर उपस्थित थे.



# नया कानून भी हुआ मनी रोग से संक्रमित...

पुलिस डायरी
मनोज पुरोहित

हास्य कवि काका हाथरसी की पंक्तियां *''रिश्वत की रानी धन्य तू तेरे अगणित नाम, हक-पानी, उपहार और बख्शिश, घूस ईनाम, बख्शिश, घूस ईनाम भरे नजराना, पगड़ी, तेरे कारण खाऊमल की इनकम तगड़ी, कहे काका कविराय दौर-दौरा दिन दुना, जहां नहीं तू देवी, महकमा है वह सूना''* इन दिनों जिले के कुछ थानों पर खरी उतर रही है. क्योंकि इसी प्रकार का नजारा जिले के कुछ थानों पर देखने को मिल रहा है. जिले के अधिकांश थानों में मनीरोग का वायरस पहुंचने से अधिकांश पुलिसकर्मी मनी रोग की चपेट में है. यहां तक कि कुछ तो मनी रोग से इस कदर बीमार हैं कि आवेदन पहुंचते ही कायमी करने या ना करने के लिए लक्ष्मी दर्शन की इच्छा प्रकट कर देते हैं. लक्ष्मी दर्शन और मनी रोग से पीड़ित खाकी का आलम यह है कि कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कम आर्थिक व्यवस्था मजबूत करने के लिए ज्यादा प्रयास कर रहे हैं. नया कानून 1 जुलाई से लागू हुआ है और अब इस नए कानून पर भी मनी रोग के वायरस ने अटैक कर दिया है. शाजापुर कोतवाली में मनी रोग का संक्रमण इतनी तेजी से फैल रहा है कि अब मुचलके के लिए भी लक्ष्मी दर्शन कराना पड़ रहे हैं. आरोपी को धाराओं का डर दिखाकर मनी रोग से पीड़ित कोतवाली के पुलिसकर्मी लक्ष्मी दर्शन करके ही सांस ले रहे हैं. ऐसे ही एक मामले में कोतवाली में पदस्थ एक थानेदार साहब ने धाराएं बढ़ाने और थाने पर ही मुचलका कराने के लिए 30 हजार से लक्ष्मी दर्शन किए. बाद में थानेदार साहब ने निस्वार्थ झूठ बोलते हुए राशि लेने की बात से इनकार कर दिया. लेकिन जिसका मुचलका हुआ है, उसकी जेब 30 हजार से हल्की हो गई है. ऐसा नहीं है कि जिले की खाकी असंवेदनशील है. बात सुनती नहीं है. भाव मोल कर पैसे भी कम ले लेती है और काम भी कर देती है. याने कि लक्ष्मी दर्शन कम ज्यादा करने पर भी तैयार हो जाते हैं. भले ही पुलिस महकमे के वरिष्ठ अधिकारी यह कहें कि पुलिस चुस्त रहें और नागरिक मस्त रहें, लेकिन यहां उल्टा है. पुलिस मस्त है और नागरिक पस्त हैं. नया कानून लागू होने के बाद कोतवाली को पहली बोवनी हुई इस नए कानून के तहत. अभी नया कानून लागू हुए 26 दिन हुए हैं. इस हिसाब से कोतवाली में लक्ष्मी दर्शन की जीडीपी की गति बेहतर ग्रोथ करेगी.

**कब बंद होगा चोरी महोत्सव**

सावधान यदि आपके पास मोटर साइकिल है तो आप नगर में मोटर साइकिल सवारी करने के पहले इस बात का ख्याल रखें कि नगर में इन दिनों चोरी महोत्सव का आयोजन चल रहा है और इस आयोजन की सफलता की प्रमाणिकता का इसी बात से पता चलता है कि दिन हो या रात हो, सुबह हो या शाम चोरी महोत्सव के कारण आप पांव-पांव भी हो सकते हैं. या यूं कहें कि नजर हटी और मोटर साइकिल चोरी की घटना घटी के तहत शहर में चोरी महोत्सव में भाग लेने के लिए कई चोर बाहर से भी आए हैं. क्योंकि उन्हें पता है कि शाजापुर की खाकी काफी सहज, सरल, संवेदन और आरामप्रिय है. इसलिए यहां चोरी महोत्सव का संचालन आसानी से हो सकता है और किसी प्रकार की कोई रिस्क भी नहीं है. यह बात भी सही है कि मोटर साइकिल चोरी ने खाकी के हर उस दावे की पोल खोल दी है.

**खुद के सूत्र को लगी जंग...**

एक समय था जब पुलिस के पास अपने सूत्र हुआ करते थे और पुलिस के सूत्र इतने पक्के होते थे कि जरा सी घटना होते ही पुलिस सक्रिय हो जाती थी, लेकिन इन दिनों पुलिस के सूत्रों को जंग लग चुकी है. अब सोशल मीडिया के सूत्र पर ही पुलिस चल रही है. पुलिस के सूत्रों में ऐसी जंग लगी है कि इस जंग को मिटाने के लिए अच्छे रेजमाल की जरूरत है.

**अज्ञात वाहनों को ज्ञात नहीं कर पाती पुलिस...**

हाईवे पर आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही है और टक्कर मारने वाले वाहन को अज्ञात बताकर फाईल दफन हो जाती है. जबकि जगह-जगह कैमरे भी लगे हुए हैं. उसके बाद भी अज्ञात वाहन को ज्ञात नहीं कर पाती है पुलिस. या यूं कहें कि पुलिस अज्ञात को ज्ञात करना ही नहीं चाहती है. या उसी को ज्ञात करती है, जिसमें लक्ष्मी की आस हो. जबकि शहर में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं और कई जगह जिग जेग पाइंट भी बने हुए हैं. उसके बाद भी वाहन टक्कर देकर निकल जाते हैं और पुलिस हाथ मलती रह जाती है.

**अंत में...**

पुलिस को बढ़ाना पड़ेगी अपनी आवक. क्योंकि अब चंदे का सीजन शुरू हो गया है. चंदा मामाओं की गैंग अब पुण्य कमाने के लिए पुलिस पर काटेगी प्याज और पुलिस काटेगी जनता पर प्याज.

### हादसे रोकने बेरछा पुलिस ने मवेशियों को लगाए रेडियम

**शाजापुर, 26 जुलाई.** कई बार देखने में आता है कि मवेशियों की वजह से कोई वाहन चालक हादसे का शिकार होकर गंभीर घायल हो जाता है या उसकी मौत हो जाती है. इसे लेकर बेरछा पुलिस द्वारा पहल की गई है, जिनके द्वारा हाईवे पर या सड़क पर बैठे मवेशियों के सिंगों पर रेडियम लगाया गया ताकि रात में ये मवेशी वाहन चालकों को नजर आएं और कोई हादसा न हो. बेरछा थाना प्रभारी अंकित मुकाती ने बताया कि इस तरीके से आवारा पशु खासतौर से गायों को भी इन हादसों से बचाया जा सकेगा. बता दें कि हाईवे पर विचरण करने वाली गायों के वजह से आए दिन कोई न कोई हादसा होता ही रहता है. इस बात से परेशान पुलिस ने नई तरकीब निकालते हुए गायों के सींगों पर रेडियम स्ट्रिप लगा दी है. इससे यह होगा कि जब कोई वाहन सड़क से गुजरेगा तो गायों के सींग पर लगा रेडियम दूर से चमकने लगेगा, जिससे वाहन चालक अपने वाहन को समय रहते नियंत्रित कर लेगा और दुर्घटना से बच जाएगा. जिसमे बेरछा थाना पुलिस ने गाय के सींग पर रेडियम स्ट्रिप लगाई गई.

# श्रावण में भक्त कर रहे शिव की पूजा

## शिवालयों में पुष्पों से हो रहा महादेव का आकर्षक श्रृंगार

**सुसनेर, 26 जुलाई. श्रावण माह में भोले के भक्त अपने ईष्ट देव को प्रसन्न करने में जुट गए हैं. नगर सहित क्षेत्र के तमाम शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा अलसुबह से ही भगवान भोलेशंकर को जल अर्पित करके पूजा-अर्चना की जा रही है. इतना ही नहीं बल्की श्रृद्धालु अपनी श्रृद्धा अनुसार फूलों व विभिन्न प्रकार की वस्तुओं से महादेव का श्रृंगार भी कर रहे हैं.**



इसी के साथ ही शिव मंदिरों में पूरे श्रावण मास अखंड रामायठ पाठ व भजन कीर्तन भी किए जा रहे हैं. चहूं ओर सिर्फ भोले की भक्ति करते हुए ही श्रद्धालु नजर आ रहे हैं. श्रावण का प्रथम सोमवार बीत जाने के बाद अब श्रृद्धालु द्वितीय सोमवार की तैयारी में जुट गए हैं. नगर से दूर पहाड़ी पर पांडवों द्वारा स्थित पंच देहरिया महादेव मंदिर, त्रिवेणी संगम पर स्थित तारकेश्वर महादेव मंदिर, मोरूखेड़ी देवी अहिल्याबाई द्वारा निर्मित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, नगर के डाक बंगला रोड पर स्थित श्री मनकामनेश्वर महोदव मंदिर, मेला ग्राउण्ड स्थित नीलकंठेश्वर, औंकारेश्वर महादेव मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर, मनकामनेश्वर मंदिर, सहित शिव मंदिरों में अलसुबह महारूद्राभिषेक किया जा रहा है.


**ऐसे करें आराधना...**

पंडित गोविंद शर्मा के अनुसार सावन के दौरान महामत्युंजय मंत्र, ओम नम: शिवाय मंत्र का जप तो विशेष है ही. साथ ही हनुमानजी को चोला चढ़ाने तथा सुन्दरकाण्ड और रामायण पाठ करना, चमेली के तेल का दीपक लगाना, प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करना, गुड़ और चने का भोग लगाना, तुलसी की माला से राम रामेति, राम रामेति, रमे रामो मनोरमे आदि मंत्रों के जाप से आराधना करने से भगवान जल्दी प्रसन्न होते हैं.

# बारिश की खेंच से किसान हो रहे परेशान

## दो साल में एक भी बार कंठाल नदी पुर नहीं आई, अब शेष बचे सावन से उम्मीद

**सुसनेर, 26 जुलाई. वर्षाकाल चल रहा है, सावन की भी शुरुआत हो चुकी है, लेकिन अभी तक मात्र सुसनेर में 8 इंच बारिश ही दर्ज की गई है, जो कि औसत के मान से भी बहुत कम है. 2 सालों से शहर की जीवनदायिनी कंठाल नदी भी पुर नहीं आई है.**



सावन माह में भी सुखी पडी है कंठाल नदी

नगरवासियों ने उज्जैनी मनाकर इंद्र देव को प्रसन्न करने का प्रयास भी कर लिया, किंतु उसके बाद भी बारिश में कोई खास बढ़ोतरी नही हुई. जबकि बीते वर्षों में सावन माह के दौरान 20-25 इंच के लगभग तो बारिश दर्ज हो ही जाती थी. यदि क्षेत्र में सावन के माह में भी पर्याप्त मात्रा में बारिश नहीं होती है. तो फिर सूखे के हालात बन सकते हैं. उधर, बारिश की लंबी खेंच के चलते किसान भी चिंतित हो रहे हैं. उन्हें डर है कि कई दोबारा से बोवनी न करना पड़ जाए. पूरे नगर की प्यास बुझाने वाले क्षेत्र के सबसे बड़े जलाशय कीटखेड़ी बांध भी लबालब नहीं हुआ है, जिसके कारण आने वाले समय में नगर की नल जल योजना भी प्रभावित हो सकती है. जल संसाधन विभाग के अधीन आने वाले दर्जन भर जलाशयों में अभी तक पर्याप्त मात्रा में पानी जमा नहीं हो पाया है.

### नदी नाले भी नहीं आए उफान पर...

नगर में झमाझम बारिश का दौरा अभी तक शुरू नहीं हुआ है. रूक-रूक कर बारिश हो रही है. कभी-कभी 3 से 4 दिनों तक भी बारिश नहीं होती है. इसलिए नदी नाले भी उफान पर नहीं आए हैं. प्रर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण फसलें सूखने की कगार पर आने लगी है, तो वहीं जलस्त्रोतों में भी जल स्तर नहीं बढ़ा है.

## एक नजर में

### कृषि विज्ञान प्रक्षेत्र में हुआ आयोजन, किसानों को मिलेगा लाभ

# फसलों में छिड़काव के लिए ड्रोन तकनीक का किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**शाजापुर, 26 जुलाई. कृषि विज्ञान केन्द्र शाजापुर द्वारा फसलों में छिड़काव की उन्नत तकनीक ड्रोन का प्रदर्शन केन्द्र प्रमुख डॉ. जीआर अम्बावतिया एवं वैज्ञानिक डॉ. एसएस धाकड़ के तकनीकी मार्गदर्शन में 26 जुलाई को कृषि विज्ञान प्रक्षेत्र में इफको, शाजापुर के सहयोग से किया गया.**




कृषि विज्ञान केन्द्र, प्रक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि केएस यादव उपसंचालक कृषि शाजापुर एवं इफको के महेन्द्र पटेल थे. इस दौरान केन्द्र प्रमुख डॉ. अम्बावतिया ने बताया कि आज के डिजिटल युग में खेती भी आधुनिक होती जा रही है. इसलिए कृषि विज्ञान केन्द्र नए-नए कृषि यंत्रों का प्रदर्शन कृषि विज्ञान केन्द्र, प्रक्षेत्र तथा कृषकों के खेतों पर कर रहा है, जिससे ड्रोन जैसे तकनीक से कम समय तथा कम लागत में कृषक ज्यादा उत्पादन ले सकें. यह तकनीक उद्यानिकी फसलों संतरा, अमरूद, आम के साथ-साथ मक्का, अरहर, सोयाबीन, गेहूं, सरसों, अरहर, चना आदि फसलों के लिए भी काफी उपयोगी है. कार्यक्रम के दौरान 50 से अधिक कृषक उपस्थित रहे.

### आधुनिक तकनीक से होगा उर्वरकों का छिड़काव

इस ड्रोन तकनीक के प्रदर्शन के दौरान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. धाकड़ ने बताया कि ड्रोन स्प्रेयर एक आधुनिक कृषि यंत्र है, जिसमें ड्रोन की आधुनिक तकनीक द्वारा फसलों में कीटनाशकों तथा घुलनशील उर्वरकों का छिड़काव किया जा सकता है. इस ड्रोन तकनीक के माध्यम से सिर्फ 10 मिनट में 10 लीटर पानी में एक एकड़ खेत में दवा का छिड़काव कर सकते हैं, जबकि हस्त चलित स्प्रे पंप से एक एकड़ में छिड़काव करने में 8 से 10 घंटे तथा 200 लीटर पानी की आवश्यकता होती है. ड्रोन की बैटरी को चार्ज करने में 20 मिनट का समय लगता है. इस ड्रोन तकनीक से समय, पानी तथा लेबर की काफी बचत होती है. ड्रोन द्वारा सभी प्रकार के कीटनाशक, फफूंदनाशक तथा घुलनशील उर्वरकों का छिड़काव किया जा सकता है. इस दौरान केन्द्र वैज्ञानिक डॉ. डीके तिवारी, डॉ. गायत्री वर्मा, रत्नेश विश्वकर्मा, हितेन्द्र इंदौरिया, निकिता नंद, गंगाराम, हाफिज खां आदि उपस्थित रहे.

### आमजनों की शिकायतों को लंबित न रखा जाए

**शाजापुर, 26 जुलाई.** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक योगेश देशमुख शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचेए जहां उन्होंने अपराध संबंधी समीक्षा बैठक ली. उन्होंने निर्देश दिए कि आमजनों की शिकायतों का त्वरित निराकरण हो. उनकी शिकायतों को लंबित न रखा जाए. समीक्षा बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री देशमुख द्वारा जिले के सभी थानों की कानून व्यवस्था एवं अपराध समीक्षा बैठक, थाना क्षेत्रों में गौवंश के अवैध परिवहन एंव उनके वध, ग्राम पंचायतो में सीसीटीवी कैमरें लगवानेए खुले मे मांस विक्रय को लेकर लाउडस्पीकर प्रतिबंध संबधी एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण किये जाने संबधी निर्देश दिये.